हाईकोर्ट के आदेश पर मास्टर प्लान के मुताबिक चौड़ी होगी सिरसी रोड

■ झाड़खंड मोड से क्वीन्स रोड, खातीपुरा तिराहा और 200 फीट रोड बाईपास तक सड़क सीमा से अतिक्रमण हटायेगा जे.डी.ए. प्रशासन

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण प्रशासन सिरसी रोड पर (झाड़खंड मोड से सी-जोन बाइपास पुलिया तक) सड़क सीमा को मास्टरप्लान के अनुरूप चौड़ा करेगा। उच्च न्यायालय ने इस मामले में जेडीए को निर्देश और दो माह का समय दिया है। कोर्ट के आदेशों की पालना मं जेडीए के जोन, प्रवर्तन शाखा और अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारियों ने शुक्रवार को दौरा किया।

जेडीए के डीआईजी, कैलाश विश्नोई ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-7 के क्षेत्राधिकार में स्थित 200 फीट रोड बाईपास से खातीपुरा तिराहा तक और खातीपुरा तिराहे से क्वीन्स रोड, झारखण्ड मोड तक सड़क सीमा में अवस्थित अतिक्रमण/निर्माणों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। जेडीए सड़क सीमा में आ रहे निर्माणों को नोटिस देने प्रक्रिया शुरू करेगा। सोमवार से जेडीए डिमार्केशन शुरू कर देगा। इस मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी, 2025 को होगी। इसमें जेडीए सचिव भी मौजूद रहेंगे। दरअसल, इस सड़क को लेकर विजय कुमार बोयत ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई थी। इसके जवाब में जेडीए ने कोर्ट को बताया कि सड़क के दोनों ओर 274 व्यक्तियों ने अतिक्रमण कर रखा है। ज्ञात रहे कि हाईकोर्ट के आदेश में कहा गया है कि, झाड़खंड मोड से खातीपुरा तिराहे तक सड़क 30 मीटर (100 फीट) चौड़ी रोड और खातीपुरा तिराहे से सी-जोन बाइपास पुलिया तक 48 मीटर (160 फीट) प्रस्तावित है। दो महीने के भीतर सड़क को किसी भी प्रकार के अतिक्रमण और निर्माण से मुक्त करें और नियमानुसार सड़क की चौड़ाई करें।

वर्तमान में स्थिति यह है कि, झाड़खंड़ मोड से खातीपुरा तक सड़क 22 से 25 मीटर तक ही चौड़ी है। एक-दो जगह 30 मीटर जरूर है। गौतम मार्ग तिराहे के पास 30 फीट ही है। उससे आगे चलने पर सड़क 40 मीटर की है, कुछेक जगह 48 मीटर चौड़ी जरूर है।

एल.आई.सी. ने यूएसटीआर की टिप्पणियों को जवाब दिया

जयपुर (कासं)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) ने भारत सरकार द्वारा एलआईसी को दिए गए अनुकूल व्यवहार के बारे में यू.एस.टी.आर. की हाल की टिप्पणियों पर ध्यान दिया है। एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा है कि, सरकार और विनियामको द्वारा एलआईसी को किसी अन्य बीमा कंपनी की तरह ही माना जाता है। वर्ष 1956 में इसकी स्थापना के समय प्रदान की गई गारंटी एक वैधानिक प्रावधान है, जिसे राष्ट्रीयकरण के शुरूआती वर्षों में जनता का विश्वास बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, इसका कभी भी विपणन उपकरण के रूप में उपयोग नहीं किया गया है या एलआईसी को कोई अनुचित लाभ नहीं दिया गया है। पिछले 25 वर्षों से, एलआईसी ने 24 निजी जीवन बीमा कंपनियों के साथ पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी बाजार में काम किया है। यह आईआरडीएआई और सेबी द्वारा विनियामित है और इसे सरकार या किसी नियामक प्राधिकरण से कोई विशेष उपचार नहीं मिलता है। सिद्धार्थ मोहंती का कहना है कि, बीमा क्षेत्र में एल.आई.सी. का नेतृत्व पूरी तरह से अपने पॉलिसीधारकों के भरोसे, सेवा उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता, वित्तीय मजबूती और पारदर्शिता के कारण है। पिछले 69 वर्षों से अधिक की विरासत के साथ, एलआईसी समर्पण भाव से काम कर रही है। एलआईसी शासन, सेवा और ग्राहक विश्वास के उच्चतम मानकों के लिए प्रतिबद्ध है।

विद्युत कंपनियों में निजीकरण की आशंका निराधार : हीरालाल नागर

प्रदेश के विद्युत तंत्र को मजबूत करने के सरकार के प्रयासों में विद्युत कार्मिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण : ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने प्रदेश के विद्युत कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद किया।

जयपुर । ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने प्रदेश के विद्युत कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों से शुक्रवार को विद्युत भवन में संवाद किया। इस दौरान नागर ने कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों की अपेक्षाओं एवं आशंकाओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत क्षेत्र के निजीकरण की राज्य सरकार की कोई मंशा नहीं है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकता है कि उपभोक्ताओं को बिना किसी ट्रिपिंग के किफायती बिजली मिले और ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बिजली तंत्र को मजबूत करने के सरकार के प्रयासों में विद्युत निगमों के कार्मिक महत्वपूर्ण भागीदार हैं। कार्मिकों के सहयोग से ही राज्य सरकार ऊर्जा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है। उत्पादन के क्षेत्र में जो संयुक्त उद्यम एमओयू किए गए हैं, वे एनटीपीसी, पावर ग्रिड, कोल इंडिया सहित अन्य प्रतिष्ठित केन्द्रीय उपक्रमों के साथ किए गए हैं। इनसे प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा की मांग को बेहतर वित्तीय प्रबंधन के साथ पूरा किया जा सकेगा।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वितरण के क्षेत्र में हाईब्रिड एन्युटी मॉडल बेहतर वित्तीय प्रबंधन के साथ किसानों को दिन में बिजली की मांग को पूरा करने के दृष्टिगत कारगर कदम है। यह मॉडल विकेन्द्रित सोलर संयंत्रों की स्थापना में बड़ा बदलाव लाएगा। इससे डिस्कॉम्स को ट्रांसमिशन छीजत में कमी के साथ स्थानीय स्तर पर ही उत्पादित सौर ऊर्जा के रूप में सस्ती बिजली मिल सकेगी। इससे वितरण कंपनियों के घाटे को कम करने में मदद मिलेगी। इसी प्रकार प्रदेश के प्रसारण तंत्र को भी योजनाबद्ध रूप से मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि ऊर्जा क्षेत्र के तीनों आयामों-उत्पादन, वितरण एवं प्रसारण में कर्मचारियों के हितों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया जाएगा।

विद्युत कार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनकी चिंताओं पर सकारात्मक रुख के लिए ऊर्जा मंत्री का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा, राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेन्द्र श्रृंगी सहित विद्युत निगमों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

दो साल फरार बदमाश गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो साल से फरार वांछित आरोपी को पकडा है। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से इनामी और वांछित स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो साल से फरार वांछित आरोपी कालू राम निवासी ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है।

'वक्फ संपत्तियों में आएगी पारदर्शिता'

जयपुर । जयपुर ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने बयान जारी कर कहा कि संसद के दोनों सदनों द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक का पारित होना सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की हमारी सामूहिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इससे उन लोगों को विशेष रूप से मदद मिलेगी जो लंबे समय से हाशिये पर हैं और इस प्रकार उन्हें आवाज़ और अवसर दोनों से वंचित रखा गया है।

उन्होंने कहा कि भारत की आवाम अपनी संसद और संसदीय समिति की चर्चाओं में भाग लेने वाले सभी सांसदों की आभारी है जिन्होंने अपने दृष्टिकोण को व्यक्त किया और इन कानूनों को मजबूत बनाने में योगदान दिया। संसदीय समिति को अपने बहुमूल्य इनपुट भेजने वाले अनगिनत लोगों का भी विशेष धन्यवाद है जिससे एक बार फिर, व्यापक बहस और संवाद के महत्व की पुष्टि हुई है।

कर्णावट ने कहा कि दशकों से, वक्फ प्रणाली पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी का पर्याय बन गई थी। इसने विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं, गरीब मुसलमानों, पसमांदा मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचाया। संसद द्वारा पारित कानून पारदर्शिता को बढ़ावा देंगे और लोगों के अधिकारों की रक्षा भी करेंगे। उन्होंने कहा कि अब हम एक ऐसे युग में प्रवेश करेंगे जहाँ ढांचा अधिक आधुनिक और सामाजिक न्याय के प्रति संवेदनशील होगा। व्यापक रूप से, हमारी सरकार और यह देश अपने प्रत्येक नागरिक की गरिमा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ब्राजील से आयातित गिर नस्ल के सांडों के पारंपरिक हिमकृत सीमन डोजेज का जिलों को वितरण किया

गायों में नस्ल सुधार और दूध उत्पादन में वृद्धि के लिए सरकार प्रयत्नशील : कुमावत

जयपुर । पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने आरएलडीबी सभागार में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत ब्राजील से आयातित उच्च आनुवांशिक गुणवत्ता वाले गिर नस्ल के सांडों के पारम्परिक हिमकृत वीर्य डोजेज का जिलों को वितरण का शुभारंभ किया। उन्होंने जयपुर जिले को सीमन का जार भेंट किया।

इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक एवं आरएलडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ आनंद सेजरा भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राज्य की प्रजनन नीति के अनुसार इस सीमन का उपयोग राज्य के अजमेर भीलवाड़ा, टोंक, भरतपुर, पाली, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, राजसमंद, प्रतापगढ़, जयपुर, सीकर, सहित 23 जिलों में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में पशुपालकों के विकास के लिए हर संभव प्रयास में लगी है। प्रदेश सरकार गायों के नस्ल सुधार पर गंभीरता से काम कर रही है। इसके लिए यथा संभव प्रयास भी किए जा रहे इसी प्रयास का परिणाम है कि आज राज्य के 23 जिलों के लिए ब्राजील से आयातित उच्च आनुवांशिक गुणवत्ता वाले गिर नस्ल के सांडों के पारम्परिक हिमकृत सीमन डोज हमें एनडीडीबी के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि राज्य को ब्राजील के गिर गोवंश के सांडों का हिमकृत सीमन पहली बार प्राप्त हुआ है। अभी इस सीमन का उपयोग राज्य की प्रजनन नीति के अनुसार गिर गोवंश के बाहुल्य वाले क्षेत्रों में उपलब्ध उच्च गुणवत्ता वाली शुद्ध गिर गोवंश की मादाओं में कृत्रिम गर्भाधान के लिए किया जाएगा। इस सीमन के उपयोग से कृत्रिम गर्भाधान करने पर राज्य में उच्च आनुवांशिक गुणवत्ता वाले बछड़े और बछड़ियां पैदा होंगे। बछड़ियों में दुग्ध उत्पादन की क्षमता बढ़ेगी, जिससे दूध का उत्पादन अधिक होगा। अभी हमारी गिर गायों के दुध का उत्पादन प्रति दिन 15 से 20 लीटर है जबकि इस सीमन से उत्पादन बढ़कर 50 लीटर तक हो सकता है। कुमावत ने बताया कि अभी यह आयातित सीमन पशुपालकों को केवल 100 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। भविष्य में ब्राजील से उच्च गुणवत्ता वाले गिर गोवंश के सीमन को अधिक से अधिक मंगवाए जाने के प्रयास किए जाएंगे, जिससे राज्य के पशुपालकों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि केवल डेयरी फार्म को ही इसका फायदा नहीं मिलना चाहिए बल्कि पशुपालकों को व्यक्तिगत रूप से भी यह डोज मिले जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो। उन्होंने कहा कि वितरित डोज का रिकार्ड संधारण उचित तरीके से किया जाए जिससे इससे होने वाले लाभ के आधार पर आगे इस सीमन की उपलब्धता राज्य के लिए सुनिश्चित की जा सके।

पशुपालन मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के अतिरिक्त और संयुक्त निदेशकों के साथ किसानों से भी बातचीत की। इस अवसर पर पशुपालन विभाग और आरएलडीबी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस की तैयारियों पर चर्चा

■ 15 से 17 अप्रैल को समारोहपूर्वक होंगे कई आयोजन

जयपुर। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस को भव्य एवं समारोहपूर्वक मनाए जाने को लेकर शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में डीजीपी साहू ने राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस को समारोहपूर्वक मनाए जाने के दौरान आयोजित किये जाने वाले श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों व राज्यस्तरीय आयोजन की रूपरेखा आदि पर चर्चा व गहन विचार विमर्श कर बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि आगामी 15 से 17 अप्रैल तक बच्चों की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान आदि के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिताएं, कविता पाठ, नृत्य प्रतियोगिताएं, बच्चों का पुलिस थानों का दौरा, पौधारोपण, पुलिस बैंड प्रदर्शन, सेमिनार, बड़ाखाना इत्यादि कार्यक्रम पूरी मुस्तेदी एवं पूर्ण तैयारी के साथ करवाए जाएं।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी आगामी 15 से 17 अप्रैल को 76वां राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा सभी पुलिस रेंज, पुलिस जिला एवं पुलिस यूनिटों में भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है। डीजीपी साहू ने पुलिस स्थापना दिवस दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला में अलंकरण समारोह आयोजित करने, प्रचार-प्रसार और आमंत्रण कार्ड वितरित करने, परेड के सुचारू संचालन और समारोह के लिए मैदान तैयार करने, बड़ा-खाना की व्यवस्था करने विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित करने व उनके परिवहन की विधिवत व्यवस्था करने और तथा समारोह के दौरान स्वागत और आतिथ्य के लिए जिम्मेदारी का निर्धरण तय किया है। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी एवं रेंज मुख्यालयों सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक समन्वय समिति गठित की गई है। इस समिति में महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी, संजय अग्रवाल, अनिल पालीवाल समेत कई वरिष्ठ अफसर शामिल है।

सार-समाचार

आमजन के लिए सुलभ शौचालय शुरू

जयपुर । मालवीय नगर करधनी शॉपिंग सेंटर पर आम जन की सुविधा के लिए आज सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य शुरू किया गया। पार्षद गोविंद छीपा ने भूमि पूजन कर इसकी शुरुआत की। उन्होंने बताया कि लम्बे समय से दुकानदार और ग्राहक इस सुविधा से वंचित थे। नगर निगम द्वारा कराए जा रहे 6 शौचालयों (3 पुरुष,3 महिला) से सभी को इस सुविधा का लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष ओम शर्मा, ए ब्लॉक विकास समिति अध्यक्ष शंकर गोयल, राम कृपाल, सुनील बडजात्या, राजा गुटुरू, सुमेर सिंह, सोनू अग्रवाल, अर्जुन दास सहित अनेक गणमान्य नागरिक और आम जन मौजूद थे।

जेकेके में नाटक ''डोर'' का मंचन

जयपुर । जवाहर कला केंद्र के कृष्णयॉन सभागार में शाम 6:30 बजे नाटक ''डोर'' का मंचन किया गया। यह नाटक कबीर के दोहे ''रहिमन धागा प्रेम का मत तोडो चटकाय टूटे से फिर ना जुडे जुडे गांठ पड़ जाए'' से प्रेरित है। नाटक में धागे को प्रतीकात्मक रूप में इस्तेमाल करके रिश्तों के बारे में संक्षेप में दर्शाया गया था। यह नाटक मानव संबंधों के विकास से शुरू होता है और समकालीन समय पर आता है, जहां हम देखते हैं कि कैसे लोग अपने प्रेमियों को धोखा देते हैं, यहां तक कि शादी के बाद भी। नाटक का मंचन देखने वाले दर्शकों की प्रतिक्रिया मिश्रित भावना में रही। दुख और सुख के माध्यम से अपने जीवन में होने वाली समस्याओं से जुड़ाव महसूस किया गया। यह नाटक न केवल मनोरंजन देता है, बल्कि यह हमें अपने रिश्तों में विश्वास और अविश्वास के महत्व को भी समझने के लिए प्रेरित करता है। नाटक की निर्माता रंजना चौधरी, संवाद लेखन तन्मय सिंह, लेखक और निर्देशक लोकेश राज कुमार हैं। कलाकारों में भावना शर्मा, केशव, मुदित, हिमाली भाटिया, रेया, धनराज, तन्मय सिंह, विशाल,अनीषा शामिल, उत्कर्ष और कुमुद थे। संगीतकार हर्ष, लवीना और वंश थे। कॉस्ट्यूम्स में सिमरन, बैकस्टेज में रहे सेजल, सिमरन, निखिल, कुलेंद्र और पवन। और मंच रोशनी राहुल जांगिड़ ने संभाली थी।

श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन

जयपुर । वैशाली नगर में गोकुलधाम, जानकी पैराडाइस में चल रही भागवत कथा का आज विधिवत समापन हुआ । संत ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी महाराज के मुखारविंद से 29 मार्च से मंगल कलश यात्रा के साथ जी भागवत कथा का प्रारंभ हुआ था । वह कथा आज सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय कथा एवं परीक्षित मोक्ष के वृतांत के साथ समाप्त हुई । भागवत कथा दौरान श्रद्धालु भाव विभोर नजर आए। कथा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने भजनों व विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से परमात्मा से जुड़े रोचक तथ्यों को समझा अपने जीवन में आत्मसात किया। इस कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में भक्तगणों एवं महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई। आज की कथा में बड़ी संख्या में भक्तगणों और महिलाओं के अतिरिक्त प्रदेश की जानी-मानी शख्सियत अवधेशाचार्य महाराज गलता पीठ, पूर्व विधायक सतीश पूनिया, अरुण चतुर्वेदी, विधायक गोपाल शर्मा, चंद्रभान सिंह आख्या व शत्रुघ्न गौतम, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गजेंद्र सिंह, श्रीपाल शक्तावत, महेंद्र यादव साहब, धनंजय सिंह, संजीव भार्गव, सत्यनारायण शर्मा, देवेंद्र शर्मा, प्रदीप पालीवाल, बिजेंद्र चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

स्मैक तस्करी में लिप्त महिला गिरफ्तार

जयपुर । भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 05.75 अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। फिलहाल आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर समीना निवासी भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 05.75 अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। पुलिस आरोपित महिला तस्कर से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में जानकारी की जा रही है।

पिस्टल व 8 जिंदा कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । खोह नागोरियान थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को हथियार सहित पकड़ा है। जिसके पास से एक अवैध देशी पिस्टल और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित संदीप राज शर्मा निवासी दौसा को थाना इलाके में स्थित इंदिरा गांधी नगर से गिरफ्तार किया है।

जिसके पास से अवैध हथियार एक देशी पिस्टल सहित आठ जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

ठगों ने 5.17 लाख रु.निकाले

जयपुर । झोटवाड़ा थाना इलाके में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के दो बैंक खातों से 517029 रुपए निकाल लिए। ठगी का पता पीड़ित को बैंक जाने पर लगा। इस पर पीड़ित थाने मे मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अग्रवालों का मोहल्ला निवासी हरिनारायण शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि उसका पंजाब नेशनल बैंक शास्त्रीनगर और झोटवाड़ा में खाता खुलवा रखा है। साइबर ठगों ने उसके दोनों बैंक खातों से 517029 रुपए निकाल लिए।

कृषि, उद्यानिकी व मसाला फसलों को जी.आई. टैग दिलाने पर चर्चा

जयपुर । राज्य में कृषि, उद्यानिकी व मसाला फसलों को जी.आई. टैग (भौगोलिक संकेतक) दिलवाये जाने के सम्बन्ध में शुक्रवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल की अध्यक्षता में जी.आई. टैग विशेषज्ञों, कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शासन सचिव ने बताया कि राजस्थान में कुल 16 उत्पाद और 5 कलाओं को जी.आई. टैग प्राप्त है, जिनमें कृषि क्षेत्र से सोजत की मेहन्दी और कृषि इण्डस्ट्रियल उत्पाद में बीकानेरी भुजिया शामिल है। उन्होंने बताया कि 'पंच गौरव' में शामिल कृषि उत्पादों, 'एक जिला एक उत्पाद' और किसी इलाके विशेष के कृषि उत्पादों को जी.आई. टैग दिलाने के पूरे प्रयास किये जायेंगे। इसके लिए कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, राजस्थान राज्य बीज निगम, राजस्थान राज्य जैविक प्रमाणीकरण संस्था और कृषि विश्वविद्यालयों के साथ एक उच्च स्तरीय अन्तर विभगीय कमेटी का गठन किया जा रहा है, जो कृषि के विशिष्ट उत्पादों की लिस्ट तैयार कर उन्हें जी.आई. टैग दिलाने के लिए प्रोसेस करेगी। उन्होंने बताया कि जिन उत्पादों को जी.आई. टैग मिलता है, उन्हें विश्व पटल पर विशिष्ट पहचान मिलती है, जिससे उनकी डिमाण्ड बढ़ जाती है और उस फसल का किसानों को भी उचित मूल्य मिलता है, जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनती है।

निवेशकों द्वारा मांगी गई जमीन का आवंटन परियोजना की आवश्यकता और नियमानुसार करें : वैभव गालरिया

'एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की प्रगति राज निवेश पोर्टल पर दर्ज किया जाना सुनिश्चित करवाएं'

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने शुक्रवार को सचिवालय में ''राइजिंग राजस्थान'' एमओयू प्रगति के लिए बैठक ली।

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा निर्धारित की गयी त्रि-स्तरीय समीक्षा प्रणाली, सतत निगरानी और एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की बदौलत केवल 3 महीने में ही राजस्थान में 3.8 लाख करोड़ के एमओयू को अमल में लाया गया है।

इसी कड़ी में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में ''राइजिंग राजस्थान'' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान हस्ताक्षिरत एमओयू के क्रियान्वयन की प्रगति का आंकलन करने के लिए समीक्षा बैठक ली ।

बैठक में निवेशकों और सरकार दोनों की सुविधा के लिए राजनिवेश पोर्टल में जोड़ी गई विभिन्न विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला गया। गालरिया ने बताया कि पोर्टल का उपयोग एमओयू के क्रियान्वयन से संबंधित डेटा के रियल-टाइम अपडेट के लिए किया जा रहा है। प्रक्रिया को और अधिक कारगर बनाने के लिए शिकायत, फीडबैक और एमओयू प्रबंधन जैसी कुछ नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को इन पोर्टल्स का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए निर्देशित किया ताकि कार्यप्रगति की सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित किया जा सके।

निवेशकों को उपयुक्त भूखंड उपलब्ध कराने के बारे में गालरिया ने कहा कि निवेशकों की आवश्यकताओं के अनुसार सभी संभावित विकल्पों पर विचार किया जाए और नियमानुसार भूमि आवंटन प्रक्रिया को सरल और त्वरित किया जाए। भूमि को बहुमूल्य संसाधन बताते हुए गालरिया ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेशकों द्वारा मांगी गई भूमि को परियोजना की आवश्यकता व सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आवंटित किया जाए।

बैठक में वैभव गालरिया ने सभी सचिव एवं आयुक्त को एमओयू के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया और कहा कि वैसे निवेशकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो राज्य में अपनी परियोजना लगाने के लिए गंभीर हैं, साथ ही खुद निवेश करने वाले हैं ना की एग्रीगेटर, ऐसे निवेशकों को प्राथमिकता के आधार पर उन्हें आवश्यक संसाधन और जमीन उपलब्ध करायी जाये। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की मांसानुसार निवेश प्रस्तावों के त्वरित क्रियान्वयन के लिए हम अविराम प्रयासरत है ।

बैठक में आवासन मण्डल आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, नगरीय विकास विभाग के शासन उपसचिव राकेश कुमार, राकेश गुप्ता, मुख्य अभियंता नगरीय विकास विभाग अशोक चौधरी, सभी विकास प्राधिकरणों के आयुक्त एवं नगर विकास न्यासों के सचिव अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

'कार्डियक टावर 15 मई तक हर हाल में शुरू करें'

जयपुर । नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने सचिवालय में आईपीडी टावर व कार्डियक टावर के निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक ली । वैभव गालरिया ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्डियक टावर का काम हर हाल में 15 मई तक पूरा करें। उन्होंने कहा कि इस मामले में हमे संवेदनशीलतापूर्वक विचार करने की ज़रूरत है । कार्डियक टावर में 250 बेड का इंतज़ाम होने से न केवल मरीज़ों को राहत मिलेगी बल्कि एसएमएस अस्पताल में भड़ रही मरीज़ों एवं तीमारदारों की संख्या में भी कमी आएगी जिससे अन्य मरीज़ों को समय रहते बेहतर उपचार मिल सकेगा । उन्होंने आईपीडी टॉवर के निर्माण को भी इस साल के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त इकबाल ख़ान, एसएमएस मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी, जेडीए अभियांत्रिकी निदेशक देवेन्द्र गुप्ता मौजूद थे।